हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 21 मार्च 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 20. 0 डिग्री

2 धूमधाम से मना चेट्रचण्ड्र महोत्सव निकली बहराणा साहिब की शोभा यात्रा



## खबर संक्षेप

### मुस्लिम समाज द्वारा आज मनाई जाएगी ईद

**अकलतरा।** नगर के मुस्लिम सामुदाय द्वारा रमजान के 30 रोजे पूर्ण होने के बाद शनिवार21 मार्च को बलौदा रोड स्थित ईदगाह में ईद मनाई जायेगी। इसके पूर्व लगातार 30 दिनों तक रात्रि में तराबी की विशेष नमाज, कारी–हाजी–इरशाद ने पढ़ाई। इसे संजोग ही कहा जायेगा कि वर्षों बाद रमजान के महिने में पांच शुकवार मिलने के साथ ही दो शुकवार को अलविदा जुम्मा की नमाज पढ़ने का सौभाग्य समाज के लोगो को मिला, जिसे मौलाना सलामत रजा ने अदा करवाई। आज ईद की नमाज को लेकर मुस्लिम समाज में हर्ष एवं उल्लास का वातावरण है समाज के लोगो ने आज दिन भर कपड़े एवं खाद्यान सामाग्री की खरीदारी की।

### बम्हनीडीह आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप 25 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 25 मार्च बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आई.टी.आई. बम्हनीडीह में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक श्रम इन टैलेंट प्रा.लि. नोयडा उपस्थित रहेगें। कंपनी द्वारा इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन के 30 पद पर भर्ती की जायेगी। उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक एवं डिप्लोमा निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 15000-18000 रुपए दिया जाएगा। आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित है एवं चयनित आवेदको का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ व अन्य राज्य रहेगा।

### वित्तीय वर्ष के चलते शनिवार-रविवार को भी होगी रजिस्ट्री

**जांजगीर-चांपा।** जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री कार्य मार्च महीने के अवकाश के समय में भी किया जाएगा रजिस्ट्री कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 22 मार्च शनिवार 28 मार्च रविवार 29 मार्च एवं मंगलवार 31 मार्च महावीर जयंती होने के बावजूद रजिस्ट्री कार्यालय खुला रहेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने जरूरत के हिसाब से जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री करा सके। उक्त जानकारी जिला पंजीयक चित्रसेन पटेल ने दी है।

### अग्निवीर भर्ती : निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय थल सेना कार्यालय द्वारा अग्निवीर में भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन एवं पंजीयन हेतु 1 अप्रैल निर्धारित है। लिखित परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक युवा अपना पंजीयन विभाग की वेबसाईट के मुख्य पृष्ठ पर प्रदर्शित ''अग्निवीर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन में जाकर अपना पंजीयन स्वयं कर सकते है।

### घटना के बाद से था फरार, घर में ही फंदे पर ही लटकते मिली लाश

# दिव्यांग शिक्षक की हत्या कर शव जलाने वाले आरोपी ने लगाई फांसी

#### जैजैपुर थाना क्षेत्र के जर्वे गांव का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दिव्यांग शिक्षक की हत्या कर शव जलाने के मामले में जिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। एक दिन बाद उसके ही घर में उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकते मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। पूरा मामला सक्ती जिले के जैजैपुर थाना अंतर्गत ग्राम जर्वे का है।

गौरतलब है कि जैजैपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जर्वे निवासी शिक्षक देवानंद भारद्वाज पिता अवध राम भारद्वाज उम्र 42 वर्ष का गांव के ही टिमन मनहर से जमीन संबंधी कुछ विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि घटना दिनांक 18 मार्च बुधवार को शाम करीब 5 बजे विनोद खांडे के पान दुकान के पास शिक्षक देवानंद भारद्वाज एवं आरोपी टिमन मनहर के बीच जमीन खरीद बिक्री को लेकर विवाद हुआ। जिस पर उसने धारदार हथियार से शिक्षक भारद्वाज पर पीछे से गर्दन पर कई वार कर दिए, जिससे देवानंद की मौके पर ही मौत हो गई। इसके पश्चात आरोपी ट्राईसिकल ढूलाते हुए शिक्षक देवानंद के शव को अपने ही बाड़ी में ले गया और आग के हवाले कर दिया। शाम के समय बाड़ी में जलती लाश का कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाया और घटना की सूचना सरपंच द्वारा थाने को दी गई। जिस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई की और दूसरे दिन गुरूवार 19 मार्च को पोस्टमार्टम पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं घटना के बाद से फरार आरोपी टीमन मनहर की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीमों को रवाना किया गया। पुलिस टीम आरोपी को पकडऩे लोकेशन ट्रेस करने के साथ संभावित ठिकानों पर घुमती रही। इस दौरान शुक्रवार 20 मार्च की शाम सूचना मिली कि आरोपी टीमन मनहर ने घर पर ही फांसी लगा ली है। उसकी लाश फंदे पर लटकती मिली। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा पंचनामा कर संबंधितों से पूछताछ की गई। शाम होने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम पश्चात स्थिति और स्पष्ट होगी।



मामले की जांच करने पहुंची पुलिस टीम।

#### रुपए लेकर नहीं कर रहा था जमीन की रजिस्ट्री

पुलिस के मुताबिक जर्वे निवासी दिव्यांग देवानंद भारद्वाज पिता अवधराम भारद्वाज उम्र 42 वर्ष ने गांव के ही टीमन मनहर से जमीन खरीदी थी। इसके लिए उसने तकरीबन 7 लाख रुपए दिए थे। रुपए देने के बाद आरोपी टीमन मनहर जमीन की रजिस्ट्री नहीं कर रहा था। वह जम्मू कश्मीर कमाने खाने के लिए चला जाता। बताया जाता है कि बीते दिनों जब टीमन मनहर वापस आया तो शिक्षक देवानंद जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए दबाव बनाया। बुधवार 18 मार्च की शाम इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ। इस दौरान आरोपी टीमन मनहर ने उस पर धारदार हथियार से संघातिक वार कर दिए। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद शव को बाड़ी में ले जाकर जला दिया।

#### लगा ली फांसी

दिव्यांग शिक्षक की हत्या कर शव जलाने वाला आरोपी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पश्चात ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

-भूपेन्द्र चंद्रा
थाना प्रभारी
थाना जैजैपुर

# आनंदम रिसॉर्ट में खाद्य विभाग का छापा, थोक में सिलेंडर जब्त

### ढाबा व डेयरी में भी अफसरों ने की कार्रवाई, मिले व्यवसायिक व घरेलू सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खाड़ी देशों में छिड़ी जंग के बीच गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर प्रतिबंध लगाने खाद्य विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिले के अमरताल स्थित आनंदम रिसॉर्ट में अफसरों की टीम ने छापा मारा। इस दौरान दो दर्जन से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए। इसके साथ ही ढाबा व डेयरी में दबिश देकर सिलेंडर और चूल्हे की जब्ती बनाई गई।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम द्वारा कुकिंग गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण तथा व्यावसायिक उपयोग को रोकने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अमरताल के श्री आनंदम रिज़ॉर्ट स्थित मिस्टर वेज रेस्टोरेंट की जांच की गई। उक्त प्रतिष्ठान में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश 2000 के उल्लंघन पाए जाने पर 28 नग व्यावसायिक गैस सिलेंडर और 1 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। तिलई स्थित रोड़ा ढाबा में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने पर 3 नग घरेलू गैस सिलेंडर और तीन बर्नर वाला चूल्हा 2 नग और एक बर्नर वाला चूल्हा 1 नग, एक गैस पाइप और एक रेगुलेटर जप्त किया गया। साथ ही जांजगीर मुख्यालय के कलेक्टोरेट चौक स्थित श्री कृष्णा डेयरी एंड डेली नीड्स में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने पर 1 नग घरेलू गैस सिलेंडर और एक नग एक बर्नर वाला चूल्हा जप्त किया गया। जिले में कुकिंग गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा व्यावसायिक उपयोग रोकने हेतु लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है।



सिलेंडरों की जब्ती बनाते अफसर।

# दो साल से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



थाना अकलतरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो वर्षों से अधिक समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पोड़ीदलहा निवासी जितेंद्र कुमार सांडे लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। पुलिस हर तरह के उपाय कर पुलिस की छानबीन कर रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस टीम ने सटीक सूचना और रणनीति के आधार पर आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद उसे विधिवत न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा के नेतृत्व में पूरी टीम का योगदान का योगदान रहा।

# घर घुसकर मारपीट करने वाले दो आरोपी चढे पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

घर अंदर घूसकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 15 मार्च को थाना चाम्पा उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह अपने फुफा राजेश वाल्टर के साथ उनके पैतृक निवासी मिशन फाटक के पास आया था, जहां कुछ लोग राजेश वाल्टर के निवास के सामने हल्ला मचा रहे थे। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए लाल व डंडे से मारपीट करने लगे। वहीं बेनर पोस्टर भी फाड़ दिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना चांपा में धारा 296,351(3),115(2),3(5) भा.न्या.स. कायम कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना आहत का डाक्टरी मुलाहिजा व एक्सरे कराया गया। डॉ. द्वारा फेक्चर होना लेख करने तथा घटना घर के भीतर का होने से प्रकरण में धारा 333,117(2) भा.न्या.स. जोडी गई। पुलिस ने संजीव विश्वकर्मा पिता विष्णु प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी लछनपुर चौक केराझरिया एवं आशीष बरेठ उम्र 24 वर्ष निवासी शंकर नगर वार्ड नं. 27 चांपा थाना चांपा के विरूद्ध पर्याप्त सबूत पाये जाने से 20 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु भेजा। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक अशोक वैष्णव सहित स्टाफ का योगदान रहा।

### शराब के लिए पैसे मांगने पर मां से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** मां के साथ मारपीट कर शराब के लिए पैसे मांगने वाले आरोपी को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में यह जानकारी मिली कि थाना अकलतरा में प्रार्थी जितेन्द्र कुमार खाण्डे द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका भाई सुधीर कुमार खाण्डे उर्फ शीतल प्रसाद खाण्डे अक्सर शराब पीने के लिए पैसे मांगता है। पैसे देने से मना करने पर वह गाली-गलौज करते हुए मारपीट करता है। 17 मार्च की रात लगभग 11 बजे आरोपी ने अपनी मां से शराब के लिए पैसे की मांग की। मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की, जिससे मां को गंभीर चोटें आईं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 119(1), 296, 351(3), 115(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की।विवेचना के दौरान आरोपी सुधीर कुमार खाण्डे को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार किया। इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।




### सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उठाया जा रहा कदम

# अप्रिय घटना एवं पथराव रोकने पुलिस वाहनों में लगाई जा रही लोहे की जाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जुलूस प्रदर्शन के दौरान अप्रिय घटना को रोकने पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस वाहनों में लोहे के ग्रिल लगाए जा रहे है। ताकि किसी तरह को घटना को रोका जा सके।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 20 मार्च को जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस पहल के तहत जिले के 10 पुलिस वाहनों के आगे एवं पीछे लोहे की मजबूत जाली (ग्रिल) लगाई गई है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य भीड़ - भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, विशेष रूप से पथराव जैसी स्थितियों से प्रभावी बचाव करना है। अक्सर भीड़ नियंत्रण, जुलूस, प्रदर्शन या संवेदनशील परिस्थितियों में पुलिस वाहनों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जाती है, जिससे पुलिसकर्मियों की सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न होता है। नई जालीयुक्त व्यवस्था से ऐसे खतरों को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कदम पुलिसकर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उठाया गया है, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन निर्भीक एवं प्रभावी ढंग से कर सकें। साथ ही, यह व्यवस्था कानून- व्यवस्था बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगी। जांजगीर चांपा पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे शांति एवं सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी अफवाह या असामाजिक गतिविधि से दूर रहें। पुलिस प्रशासन जनसुरक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।



वाहनों में लगाए जा रहे लोहे की जाली।

## खबर संक्षेप

### धनेश्वरी का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**डोंगाकोहरौद।** भिलौनी की धनेश्वरी यादव का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। कु. धनेश्वरी अनिल कुमार यादव एवं कीर्ति यादव की पुत्री है। कक्षा पांचवी में अध्ययनरत छात्रा धनेश्वरी का अगामि कक्षा छठवीं के लिए नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। धनेश्वरी काफी मेहनती व होनहार छात्रा है। शासकीय प्राथमिक विद्यालय भिलौनी में स्कूल शिक्षा साथ साथ नवोदय विद्यालय की भी तैयारियां के लिए परिवर्तन ग्रुप भिलैनी के द्वारा फ्री कोचिंग कराई जाती है।

### वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र तिवारी को मिलेगा मानद डॉक्टरेट अवार्ड

**जांजगीर-चांपा।** दिल्ली के एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ के जांजगीर–चाम्पा जिले के वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र तिवारी को उनके विशिष्ट योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान उन्हें गैर-अकादमिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य और समाज के प्रति उनके



महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखते हुए सम्मान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। यह अवार्ड भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप शिक्षा फाउंडेशन के माध्यम से दिया जाएगा। बताते चलें कि उपेंद्र तिवारी पिछले लगभग 40 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से समाज कल्याण, जनजागरूकता और सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। उनके इसी दीर्घकालीन योगदान को देखते हुए उन्हें मानद डॉक्टरेट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### टेरिटोरियल आर्मी में सुभाषचंद्र पटेल का हुआ चयन

**राहौद।** नगर के युवा सुभाषचंद्र पटेल का टेरिटोरियल आर्मी (टीए) में चयन हुआ है।



बचपन से ही सेना में जाने के इच्छुक सुभाष को उनकी लगन और कठोर परिश्रम ने आखिरकार इस मुकाम तक पहुंचा ही दिया। गृह नगर राहौद में स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के साथ- साथ वे फिजिकल व एग्जाम की तैयारी लगातार करते रहे थे। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों दिया है। सुभाषचंद्र स्व. मारफत लाल पटेल एवं लक्ष्मीन बाई पटेल के पुत्र है।

### नवोदय विद्यालय के लिए ओम शंकर एवं योगेश हुए चयनित

**किरारी (अकलतरा)।** नवोदय विद्यालय द्वारा कक्षा छठवीं शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जारी चयन सूची में अकलतरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला देव किरारी के छात्र ओम शंकर पिता अशोक कुमार कश्यप एवं योगेश पिता गणेश बिन्द का चयन नवोदय विद्यालय चिस्दा के लिए हुआ है। शासकीय प्राथमिक शाला देव किरारी से वर्ष 2014 से प्रतिवर्ष छात्रों का चयन होते आ रहा है। शिक्षक थानेश्वर प्रसाद साहू द्वारा एक घंटा अतिरिक्त कक्षा लगाकर बच्चों को नवोदय परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। साथ ही प्रधान पाठक श्रीमती करुणा यादव, शिक्षक गोपाल नागदेव ओम प्रकाश यादव कुलदीप कुंभकार शिक्षिका श्रीमती नीलिमा दुबे जमुना पटेल मीना श्याम का मार्गदर्शन बच्चों को सतत मिलता रहता है। छात्रों के चयन होने पर पूर्व प्रधान पाठक गोविंद प्रसाद पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जगह-जगह हुआ आम लंगर का आयोजन

# धूमधाम से मना चेट्रीचण्ड्र महोत्सव निकली बहराणा साहिब की शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

स्थानीय पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती एवं पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कॉलोनी द्वारा शुक्रवार 20 मार्च को समाज के आराध्य देव वरणावतार भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम से उत्साहपूर्वक मनाई गयी। दोनों ही समाज द्वारा चेट्रीचण्ड्र पर्व पर धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ बहराणा साहिब की शोभा यात्रा नगर में निकाली गई। इस मौके पर दोनों ही समाज द्वारा दोपहर एवं रात्रि में आम लंगर का आयोजन किया गया।

पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती के अध्यक्ष लक्ष्मण थावाणी ने बताया कि भगवान झूलेलाल की जयंती शुक्रवार 20 मार्च को चेट्रीचण्ड्र महोत्सव के रूप में मनाई गयी। समाज द्वारा पर्व के पूर्व गुरूवार 19 मार्च को सायं 6 बजे राधाकृष्ण मंदिर चौक सदर बाजार से समाज के युवकों एवं युवतियों की बाईक रैली का आयोजन किया गया। पर्व के उपलक्ष्य में पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती द्वारा 16 मार्च को सुबह सोझी घाट स्थित हसदेव तट की साफ-सफाई की गई। झूलेलाल जयंती के दिन शुक्रवार 20 मार्च को समाज के सभी व्यवसायियों द्वारा दोपहर 2 बजे से अपने प्रतिष्ठान बंद कर सायं 5 बजे से सिंधी गुरूद्वारे से बहराणा साहिब की शोभा यात्रा नगर में निकाली गयी। यह शोभा यात्रा समलेश्वरी चौक, कदंब चौक, रानी रोड, थाना चौक, डाक घर, मोदी चौक, डोंगा घाट चौक होते हुए सोझी घाट हसदेव नदी तट पर पहुंची। रात्रि में सोझी घाट हसदेव नदी में ज्योत के विसर्जन पश्चात सिंधी गुरूद्वारे में आम लंगर का आयोजन किया गया।



बहराणा साहिब की शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

बहराणा साहिब की शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से समाज के प्रमुख लक्ष्मण थावाणी, अर्जुन मनवानी, श्रीचंद चंदानी, डॉ. अजय थावाणी, मनोज धामेचा, मनोहर भावनानी, राजकुमार आहूजा, पंकज चंदानी, विशाल धामेचा, रवी भावनानी, आकाश थावाणी, लक्ष्मण धामेचा, राहुल थावानी, मनोज विरानी, सुनील मनवानी, किशोर मनवानी एवं नवीन थावाणी के अलावा बड़ी संख्या में समाज के पुरूष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए। पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कॉलोनी द्वारा शुक्रवार 20 मार्च को सिंधी कॉलोनी स्थित भगवान झूलेलाल जी के मंदिर में भगवान झूलेलाल का दोपहर 12 बजे से अभिषेक किया गया। इसके बाद दोपहर 1 बजे से यहां आम लंगर का आयोजन किया गया। सायं 5 बजे यहां से बहराणा साहिब की शोभा यात्रा निकाली गयी। नगर भ्रमण के बाद रात्रि में ज्योत का विसर्जन रामबांधा तालाब में किया गया। चेट्रीचण्ड्र महोत्सव को सफल बनाने में सिंधु युवा समिति सहित सिंधी समाज के पुरूषों, महिलाओं तथा युवक-युवतियों सहित बच्चों का विशेष योगदान रहा।

### 1 अप्रैल से ई-चालान मॉड्यूल के माध्यम से जमा होंगे चालान

**सक्ती।** ई-कोष पोर्टल अंतर्गत ई-चालान माड्यूल के माध्यम से ओटीसी (ओवर द काउंटर) ई-चालान जमा करने के निर्देश कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी बैंक प्रबंधकों को जारी किए हैं। कलेक्टर ने बताया कि संचालनालय कोष एवं लेखा छत्तीसगढ़, रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार ई-कोष पोर्टल अंतर्गत ई-चालान मॉड्यूल के माध्यम से चालान जमा करने की नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत 1 अप्रैल से भौतिक चालानों (मैनुअल चालान) का प्रचलन समाप्त कर दिया जाएगा और सभी चालान ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किए जाएंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि ओटीसी सुविधा के अंतर्गत ई-चालान पोर्टल पर चालान जमा करते समय चालान का डेटा स्वतः बैंक को ऑनलाइन प्रेषित हो जाएगा, जिससे बैंक स्तर पर पुनः प्रविष्टि की आवश्यकता नहीं रहेगी। बैंक काउंटर पर केवल ऑनलाइन जनरेटेड चालान, जिसमें ट्रेजरी रेफरेंस नंबर अंकित के आधार पर ही राशि जमा की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी बताया कि बैंक द्वारा एमआईएस कोषालय के माध्यम से ऑनलाइन संबंधित चालान का प्रिंट भी प्राप्त किया जा सकेगा। ई-चालान पोर्टल अन्तर्गत ओटीसी के माध्यम से कर एवं शुल्क जमा करने की प्रक्रिया विस्तार से जारी की गई है। कलेक्टर श्री तोपनो ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को को निर्देशित किया है कि 1 अप्रैल से ई-चालान ओटीसी के माध्यम से ऑनलाइन जमा की व्यवस्था को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।



## गर्मी में बेजुबान पक्षियों को दाना-पानी देने अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

तेज गर्मी के बीच बेजुबान पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से वेल विशर फाउंडेशन अकलतरा द्वारा "गर्मी में थोड़ा सा प्यार, बेजुबानों के नाम" अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत लोगों से अपील की जा रही है कि वे अपने घरों और दुकानों के बाहर मिट्टी के बर्तन (चकोर) में पानी और चारा रखें, ताकि गर्मी में जानवरों और पक्षियों को राहत मिल सके।संस्था के सदस्यों ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी, उपाध्यक्ष रजनी सत्तू साहू, एसडीएम सुमित बघेल, थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, समाजसेवी छोटू कश्यप और मनीष धीवर को इस अभियान से जोड़ कर उन्हें मिट्टी के चकोर दिए है। साथ ही उनसे आग्रह किया गया कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ें और जागरूकता फैलाएं। संस्था लगातार आगे भी लोगो को जोड़ कर समाज मे जागरूकता फैलाएगी।संस्था द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे इस नेक कार्य में अपनी छोटी-सी भागीदारी जरूर निभाएं और अपने आसपास पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें।यह पहल न केवल मानवीय संवेदनाओं को दर्शाती है, बल्कि समाज में जीव-जंतुओं के प्रति दया और जिम्मेदारी का संदेश भी देती है। हम मानव बोल कर पानी या खाना मांग लेते है पर बेजुबान ऐसा नही कर सकते इसलिए समाज को आगे आना होगा। इसी उपदेश्य से वेल विशर फाउंडेशन हर साल लोगो को जागरूक करते आ रही है। इस मुहिम में विल विषय फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह सचिन चिराग शर्मा कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह , दीपक साहू एवं सदस्य शामिल हुए।

■ घरों व दुकानों के बाहर चारा व पानी रखने दे रहे मिट्टी के बर्तन

## प्राथमिक शाला चारपारा में बाल मैत्री कार्यक्रम का शुभारंभ

**बलौदा।** आंगनबाड़ी केंद्र चारपारा में 4 से 6 वर्ष के बच्चों को बाल मैत्री कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शाला चारपारा का भ्रमण कराया गया, जिसका शुभारंभ महिला बाल विकास विभाग बलौदा की परियोजना अधिकारी श्रीमती जया पटेल ने शुभारंभ किया। परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी के बच्चों को विद्यालय



वातावरण में सहजता के साथ मित्रता सहयोग और आपसी समझ विकसित करते हुए सकारात्मक समावेशी वातावरण तैयार करने हेतु स्कूल शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बाल मैत्री बड़ी-बड़ी कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके तहत माह में एक दिन आंगनबाड़ी के बच्चे आंगनबाड़ी के बच्चे प्राथमिक विद्यालय का भ्रमण कर जीत कहानी खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होंगे शाला पहुंचने पर कक्षा पहली के कक्षा शिक्षक एवं प्रधान पाठक नरेश गुरुद्वान ने बच्चों का स्वागत चॉकलेट खिलाकर किया एवं बच्चों का कक्षा पहली के बच्चों से परिचय कराया गया। उनके साथ बैठकर जीत कहानी एवं खेल के माध्यम से बच्चों को सामूहिक गतिविधियां कराई गई जिससे बच्चे सहजता से शामिल होकर उत्साह पूर्वक भाग लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गायत्री कंवर एवं शोभा तिवारी द्वारा हाव -भाव के साथ बच्चों को कविता का प्रदर्शन किया गया। परियोजना अधिकारी जया पटेल एवं सुपरवाइजर लता ठाकुर ने भी बच्चे बनकर गतिविधि में भाग लिया। प्रधान पाठक नरेश गुरूद्वान ने स्कूल में संचालित गतिविधियों के बारे में बताया और इसे बहुत ही अच्छी पहल बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरुषोत्तम कश्यप, सुप्रिया महिलाने का सक्रिय सहयोग रहा।

## अवैध मुरुम उत्खनन से शासन को हो रहा राजस्व नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

ग्राम पंचायत कलमी में अवैध मुरुम उत्खनन से शासन को लाखों रुपए की राजस्व हानि हो रही है। यहां खईया तालाब में जेसीबी व ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध रुप से उत्खनन किया जा रहा है।

■ ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत कलमी खईया तालाब का मामला

ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत कलमी के सड़क किनारे स्थित खईया तालाब को कुछ दिन पहले टुल्लू पंप लगाकर भीषण गर्मी में मनरेगा के तहत कार्य करने के लिए सुखा दिया गया था। अब मनरेगा से कार्य न कराकर 2 जेसीबी एवं 4 से 5 ट्रैक्टर लगाकर हजारों ट्रीप मुरूम रोजाना उत्खनन करके बेचा जा रहा है, जिसके चलते सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। साथ ही मनमानी तरीके से खोदे जा रहे मुरूम के चलते तालाब ज्यादा गहरा हो जा रहा है जिसके चलते पशु से लेकर मनुष्य तक के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। इसमें पानी भरा रहने से किसी की भी डूब कर मृत्यु हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी सुखाने के लिए किसी प्रकार का प्रस्ताव भी नहीं किया गया है। वहीं सरपंच भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे है। लगातार ट्रैक्टर में मुरूम का सड़क में अवैध परिवहन करने से उड़ रहे धूल से ग्रामीण खासे परेशान हैं वही आने जाने वाले कभी भी इन मुरूम लड़े ट्रैक्टरों से दुर्घटना के शिकार हो सकते है। ऐसे में गांव के जागरूक ग्रामीणों ने जिला खनिज शाखा सक्ती तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा को आवेदन देकर उचित कार्यवाही किए जाने का मांग किया है।



अवैध रुप से हो रहा मुरुम उत्खनन।

## हिंदू नव वर्ष के अवसर पर अकलतरी में भजन संध्या का आयोजन

**अकलतरा।** हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर ग्राम अकलतरी में भव्य श्रीराम भजन संध्या का आयोजन बजरंग दल के सदस्य छोटू कश्यप एवं ग्राम वासियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम जी की आरती के साथ हुई, जिसके पश्चात भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक मंच "मया पिरित" के प्रसिद्ध गायक घनश्याम गन्धर्व, देवी निषाद, हेमंत गन्धर्व एवं उनकी टीम द्वारा भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।भजन संध्या से न केवल अकलतरी क्षेत्र में धार्मिक आस्था सुदृढ़ हुआ, बल्कि ग्राम में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूती प्रदान की। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला और सभी ने मिलकर हिन्दू नववर्ष का स्वागत भक्ति एवं उल्लास के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन बीरु साहू एवं मुरली साहू ने आभार व्यक्त किया। भजन संध्या में बजरंग दल के जिला सयोजक राकेश शर्मा, मदन कश्यप, पारस साहू, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष लुकेश साहू, उपाध्यक्ष मनीष धीवर, महामंत्री दीपक पटेल, रिखी राम साहू, आत्मा साहू, शरद सिँह, केशव यादव, पुरुषोत्तम साहू, बंशी साहू, रोहित साहू, लाला यादव, पीतांबर कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



भजन संध्या में कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

## 314.25 लाख रुपये की लागत से बनेगा नवीन जिला पंचायत भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

नवीन जिला पंचायत भवन के निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम शुक्रवार 20 मार्च को जिला पंचायत संसाधन केंद्र, जेठा में आयोजित किया गया। भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा 314.25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई तथा भवन निर्माण कार्य के शीघ्र एवं सफल पूर्ण होने की कामना की गई। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवीन जिला सक्ती के गठन के पश्चात जिला पंचायत भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ शासन की एक बड़ी उपलब्धि है। यह भवन क्षेत्र के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी तथा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चन्द्रा ने बताया कि भवन निर्माण से प्रशासनिक कार्यों में कसावट आएगी और आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने जानकारी दी कि यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा तथा इसमें सभी जिला पंचायत सदस्यों के बैठने की पृथक व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही सांसद एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला पंचायत संसाधन केंद्र, जेठा परिसर में अशोक पेड़ का वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य आयुष शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी सत्यनारायण चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरोज दुष्यंत डनसेना, जनपद पंचायत जैजैपुर अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा परदेशी खूंटे, जनपद पंचायत मालखरौदा अध्यक्ष कवि वर्मा, केशव चंद्रा, टिकेश्वर गबेल, ठाकुर गुलजार सिंह, आलोक पटेल, रंजित अजगल्ले, उमाशंकर चंद्रा, सरपंच श्रीमती कौशिल्या बाई राठौर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

■ सांसद ने किया जिला पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन



भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान शिलापट्टिका का अनावरण करती सांसद।

**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202603063100022/अ-6/25-26
ग्राम जोगीडीपा प.ह.नं.-13
तहसील पामगढ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक धर्मेश शर्मा पिता रामकुमार शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम जोगीडीपा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक एवं अनावेदकगण एक ही पिता स्व. रामकुमार शर्मा के संतान है। अनावेदक क्रमांक 01 एवं 02 दोनो ही नौकरी पेशा वाले व्यक्ति है, जो स्वयं के मकान में वर्णित स्थान पर सहपरिवार निवास करते है। अनावेदक क्रमांक 03 एवं 04 रामकुमार शर्मा की पुत्रियां है जो विवाहोपरांत अपने-अपने ससुराल स्थान पर स्थायी रूप से निवास करते है। रामकुमार शर्मा के द्वारा अपनी नौकरी की आमदानी से भिन्न भिन्न व्यक्तियों से खरीदी गयी स्व अर्जित संपत्ति को अपने हिस्सा तथा बटवारा में लिए थे जिस पर उनका हक व अधिकार व कब्जा था। उक्त भूमि का खसरा नंबर 62, 180/1, 180/6, 261/7, 180/9, 261/11 तथा 60/2 कुल खसरा नंबर 07 कुल रकबा 0.865 हे. था। रामकुमार शर्मा के द्वारा अपने जीवनकाल में ही अपनी स्वतंत्र इच्छा से अपने हक हिस्से की तथा स्व अर्जित उपरोक्त वर्णित खसरा नंबर एवं रकबा की भूमि के संबंध में एक पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 15.11. 2018 को उप पंजीयक पामगढ़ के समक्ष उपस्थित होकर आवेदक के पक्ष में निष्पादित करा दिया गया था। रामकुमार शर्मा के जीवनकाल में तथा उनकी मृत्यु पश्चात् आवेदक ही उक्त वसीयतशुदा भूमि पर कब्जा में चला आ रहा है। वसीयतकर्ता रामकुमार शर्मा की दिनांक 30.05.2025 की मृत्यु हो चुकी है। वसीयतशुदा भूमि कुल खसरा नंबर 07 कुल रकबा 0.865 हे. भूमि का नामांतरण आवेदक के पक्ष में किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 24/03/26 के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आंपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक तह./वा./ जन्म-मृत्यु/2025
जांजगीर दिनांक / / 2025-26
रा.प्र.क्रं....... ब-121/2025-26
ग्राम बिरगहनी

एतद द्वारा आज जनता ग्राम बिरगहनी को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पटेल पिता सुकलाल साकिन ग्राम बिरगहनी तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा छ.ग. द्वारा प.ह.नं. .......ग्राम बिरगहनी ने अपने/अपनी सुकलाल पटेल की जन्म/मृत्यु दिनांक 05/08/2014 को होने से जन्म / मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदनपत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक .../ ../2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार ना करते हुए आवेदक के ............. मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 25/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जांजगीर

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार नवागढ, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / / तह/ ज.मृ./2026
नवागढ़ दिनांक 13/3/2026
ग्राम - पोड़ी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गनपती लाल साहू पिता देवचरण साहू जाति तेली साकिन पोड़ी तहसील नवागढ़ व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर, चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं.14 ग्राम पोड़ी में अपने/अपनी (रिश्ता लिखें) जन्म दिनांक 28/06/1963) को होने से जन्म पंजीयन नहीं करा पाने के कारण, पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो, तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 27/3/26 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्र मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
नवागढ़

**न्यायालय तहसीलदार चांपा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

क्रमांक/533/वा./तह. / 2026
चांपा, दिनांक 16.03.2026

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भावेश कुमार कामदार पिता विनोद राय कामदार निवासी-चांपा प.ह.नं. 07 जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा अपने पुत्र वंश कुमार कामदार का ई.डब्ल्यू. एस. प्रमाण पत्र बनवाने हेतु 01 आवेदन पत्र 02. शपथ पत्र 03. आधार कार्ड 04. निवास प्रमाण पत्र 05. अंक सूची 06. पेन कार्ड 07. बी-1 खसरा सहित पेश किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.03.2026 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के पश्चात् दावा / आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 16.03.2026
पेशी दिनांक 30.03.2026

तहसीलदार
चाम्पा

**कार्यालय ग्राम पंचायत चण्डीपारा जनपद पंचायत पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**बाजार नीलामी की सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चण्डीपारा में गुरूवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार की नीलामी दिनांक 30/3/2026 दिन सोमवार को समय 12 बजे पंचायत भवन में किया जावेगा। नीलामी एक वर्ष अर्थात् 1 अप्रैल 2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए होगा। इच्छुक व्यक्ति अमानत राशि 25000/- (पच्चीस हजार) नगद जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है।

टीप : नीलामी की अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत भवन में देखे जा सकते है।

उमेंदराम दिनकर
सरपंच
ग्राम पंचायत चण्डीपारा

तोषीत रात्रे
सचिव
ग्राम पंचायत चण्डीपारा

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# फोर्स के तीसरे सीक्वल के लिए वजन बढ़ा रहे हैं हर्षवर्धन

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म 'फोर्स' के तीसके सीक्वल को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के लिए हर्षवर्धन को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है, जिसको लेकर अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्टर के जरिए अपने निर्धारित वजन बढ़ाने के टारगेट के बारे में खुलाया किया है। हर्षवर्धन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर जिम से अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि अगले महीने फिल्म में आने वाले एक बड़े एक्शन सीन के लिए उन्हें अपना वजन बढ़ाना पड़ रहा है। हर्षवर्धन ने लिखा कि पहले फिल्म 'सनम तेरी कसम' और 'एक दीवाने की दीवानियत' के समय उनका वजन 81 किलो था। लेकिन इस फिल्म के लिए उन्हें 92 किलो तक पहुंचना है।

लाइफ Style



# ममता
## संन्यासी जीवन भूल दोस्तों के साथ पहुंचीं गोवा

ममता कुलकर्णी अब एक बार फिर अपने बदले अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह गोवा में दोस्तों के साथ नजर आईं, जहां उनका ग्लैमरस लुक कैमरे में कैद हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में ममता स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट अवतार में दिखीं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ममता इस नए रूप ने फैंस को चौंका दिया है, क्योंकि वह लंबे समय से लाइमलाइट से दूर थीं। अब उनका यह अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है। साल 2025 के महाकुंभ में गेरुआ चोला पहन संन्यासी जीवन अपनाने को लेकर चर्चा में रहीं ममता कुलकर्णी एक बार फिर अपने बदले अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। महाकुंभ में वह किन्नर अखाड़े के साथ जुड़ीं और महामंडलेश्वर पद पर आसीन हुईं और श्री यमाई ममता नंद गिरि हो गईं। इस पर काफी विवाद भी हुआ। इसी साल 27 जनवरी को ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा भी दे दिया। उन्होंने कहा था कि मैंने 25 साल का आध्यात्मिक जीवन जीया। अभ्यास जैसे पहले जारी था, आगे भी रहेगा। लेकिन, अब उनके रंद-ढंग बदले-बदले नजर आ रहे हैं। हाल ही में वह दोस्तों के साथ गोवा पहुंची, जहां उनका ग्लैमरस अवतार नजर आया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनका बदला-बदला अवतार नजर आ रहा है। सहेलियों के साथ वह गोवा ट्रिप पर हैं, जिसकी झलकियां देख सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हैं। मोबाइल पर वीडियो बनते देख ममता कुलकर्णी ने अपनी अदाएं दीखिए।

हॉलीवुड मसाला




# डोरमोन को दिलाई खास पहचान

**लॉस एंजिल्स।** जापानी एनीमेशन इंडस्ट्री से एक बहुत ही दुखद खबर सामने आई है। 'डोरेमोन'को खास पहचान देने वाले मशहूर निर्देशक शिबायामा त्सुतोमु का 84 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने करीब 20 साल तक इस शो को संभाला है और इस बीच कई 'डोरेमोन' फ्रेंचाइजी से जुड़ी कई शानदार फिल्में दी हैं। शिबायामा त्सुतोमु को जापान में अक्सर 'नेशनल एनीमेशन के पिता' कहा जाता था। उन्होंने 'डोरेमोन' को करीब 20 साल तक संभाला और इसे हर पीढ़ी के दिल तक पहुंचाया।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में हुई डॉक्टर बैनर की एंट्री

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर की शुरुआत में (टॉम हॉलैंड) पीटर पार्कर (जेंडाया) मिशेल यानी एमजे जोन्स वॉटसन के वीडियो देखने से होती है। जिसको देखने के बाद पीटर काफी नाराज हो जाता है और एक ऊंची बिल्डिंग से नीचे गिर जाता है। ट्रेलर में आगे यह भी दिखाया गया कि फिल्म में पीटर को किसी वजह से सभी भूल जाते हैं, यहां तक की उसकी गर्लफ्रेंड मिशेल और उसका दोस्त भी उसे नहीं पहचानते। आखिर में ब्रूस बैनर की एंट्री भी दिखाई गई है। टॉम हॉलैंड ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर शेयर किया और लिखा, 'अब एक नए दिन की शुरुआत हो रही है।' इसके साथ ही टॉम ने लिखा कि वह अपनी इस फिल्म को सभी के साथ शेयर करने के लिए काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।




# नागजिला का नया पोस्टर रिलीज...

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन अपनी अपकमिंग फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में है। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर 'नागजिला' का एक पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ पोस्ट में लिखा है 'नागजिला- एक ऐसी दुनिया, जहां रूप बदलने वाले 'इच्छाधारी नाग' इंसानों के बीच रहते आए हैं। इसमें तब अफरा-तफरी मच जाती है, जब एक बेफिक्र रहने वाले इच्छाधारी नाग की 'नागमणि' और उसकी जान, एक सत्ता के भूखे खलनायक के कारण खतरे में पड़ जाती है।' आपको बता दें कि 'नागजिला' की शूटिंग 16 मार्च को पूरी हो चुकी है।



# राकेश धुरंधर-2 में निकले हुकुम का इक्का

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' में लीड रोल में रणवीर सिंह हैं। लेकिन क्लाइमैक्स सीन में कुछ ऐसा होता है कि दर्शक राकेश बेदी पर फिदा हो जाते हैं। अब उन्हें ही असली धुरंधर माना जा रहा है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और संजय दत्त जैसे नामी कलाकारों के बीच टीवी और फिल्मों के दिग्गज कलाकार राकेश बेदी भी नजर आए। अपने उम्दा अभिनय से वह दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। साथ ही फिल्म 'धुरंधर 2' के असली हुकुम का इक्का भी वही निकले हैं, यही वजह है कि अब फैंस उन्हें ही असली धुरंधर कह रहे हैं। फिल्म 'धुरंधर में राकेश बेदी ने एक पाकिस्तानी राजनेता का जमील जमाली का किरदार निभाया था। जमील की बेटी अलीना से ही हमजा का किरदार शादी करता है।

टीवी मसाला



# दीपिका के बेटे रूहान ने सलमान के घर के बाहर गाया ओ ओ जाने जाना

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम ने पिछले दिनों अपने यूट्यूब व्लॉग में बेटे रूहान के साथ एक प्यारा सा पल शेयर किया। वीडियो में परिवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के पास से गुजरते हुए देखा गया, तभी उनके छोटे बच्चे ने अपने गायन कौशल से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शोएब इब्राहिम ने एक वीडियो शेयर किया। इसमें दीपिका, शोएब अपने बेटे रूहान के साथ सलमान खान के प्रसिद्ध घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के के पास से गुजरते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान ड्राइव के बीच दीपिका रूहान से पूछती हैं कि उसका सलमान खान का फेवरेट गाना क्या है। जैसे ही दीपिका ने बेटे से पूछा, रूहान अपनी मासूम आवाज में गाने लगता है 'ओ ओ जाने जाना'। रूहान ने केवल गाया नहीं बल्कि उसने सलमान का डायलॉग भी दोहराया जिसमें वो कहता है 'न कोई मंजिल है, न कोई सफर...'। दीपिका और शोएब भी अपने बेटे के इस टैलेंट को देखकर हैरान और बेहद खुश दिख रहे हैं। वहीं काफी लोगों ने भी नन्हें से बच्चे की सलमान को लेकर दीवानगी पर हैरानी जताई है। रूहान बताता है कि उसे सलमान खान पसंद हैं। ये गाना सलमान खान की साल 1998 में आई फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' का है जिसमें वो काजोल के साथ नजर आए थे। फिल्म में सलमान खान के साथ धर्मेंद्र भी अहम भूमिका में थे। वहीं अरबाज खान सलमान के भाई के रोल में थे। फिल्म का ये फेमस गाना कमाल खान ने गाया था जो आज भी दर्शकों के दिलों में बसा है।

## इरिटेटिंग चाची से नागिन ननद तक चाहिए

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा कॉमेडी शो में कॉमेडियन-एक्टर किकू शारदा अपने ऑन-स्क्रीन फीमेल किरदारों के लिए खूब पसंद किए जाते हैं। हाल ही में उनकी पत्नी प्रियंका ने मजेदार अंदाज में बताया कि वह



किकू को बार-बार महिला के अवतार में देखकर कैसा महसूस करती हैं। टीवी शो भाग्य का पहिया के दौरान एक दिलचस्प बातचीत में होस्ट अक्षय कुमार ने किकू से मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें अक्सर चाची, मामी, मौसी, दादी जैसे किरदारों में ज्यादा देखा जाता है। इसके बाद अक्षय ने किकू की पत्नी प्रियंका से पूछा कि क्या उन्हें अपने पति को पत्नी के अवतार में देखना पसंद है? इस पर प्रियंका ने बेहद हाजिरजवाबी से जवाब दिया, सर मुझे रिश्तेदारों की कमी कभी महसूस नहीं होती है। मुझे इरिटेटिंग चाची चाहिए, नागिन वाली ननद चाहिए । इशारों से उन्होंने कहा कि ये सारे किरदार अकेले कीकू निभा लेते हैं।

# धुरंधर 2 के कायल हुए सेलिब्रिटी, अल्लू, अनन्या से लेकर कार्तिक ने की फिल्म की जमकर तारीफ

*धुरंधर का सीक्वल धुरंधर द रिवेंज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म की रिलीज से पहले ही फैंस इसे लेकर काफी एक्साइटेड थे। एडवांस बुकिंग में भी फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। अब कुछ बॉलीवुड सेलेब्स भी फिल्म देखकर आए हैं, जिन्होंने अपने रिएक्शन शेयर किए हैं।*



**मुंबई।** साउथ स्टार अल्लू अर्जुन ने फिल्म देखकर सोशल मीडिया पर अपना रिएक्शन शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर फिल्म की जमकर तारीफ की। उन्होंने सभी एक्टर्स और डायरेक्टर आदित्य धर को फिल्म के लिए बधाई दी। डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा ने भी एक्स पर फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर रिएक्शन दिया है। फिल्म को लेकर देर रात उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, 'जिन लोगों ने भी आज फिल्म देखी, उन सभी ने मुझसे कहा कि 'धुरंधर' को सिर्फ पसंद ही नहीं करते हैं, इस फिल्म से शादी भी करना चाहते हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने भी इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर रणवीर सिंह की तारीफ की। उन्होंने फिल्म की तारीफ करते हुए 'बीस्ट' लिखा। एक्टर कार्तिक आर्यन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की सराहना की है। उन्होंने फिल्म को 'टॉप नॉच' बताया और शानदार सिनेमैटिक अनुभव के लिए आदित्य धर की तारीफ की। साथ ही उन्होंने रणवीर सिंह की भी सराहना की। इसके साथ एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और पति राज कुंद्रा अपनी पूरी फैमिली के साथ रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' को देखने के लिए थिएटर पहुंची थी। 'धुरंधर 2' देखकर जैसे ही शिल्पा शेट्टी बाहर आई वहां मौजूद पैपराजी ने एक्ट्रेस से उनका रिव्यू पूछा, जिसपर एक्ट्रेस ने कहा, 'सुपर...आग लगा दी।' प्रीति जिंटा भी मूवी देखने पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कैप्शन में लिखा- रिवेंज हो तो धुरंधर जैसा हो वरना ना हो।' इस बीच शनाया कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर मूवी की तारीफ करते फिल्म को माइंड ब्लॉइंग बताया।

# नेशनल ज्योग्राफिक 33 की लिस्ट में आलिया-प्रियंका का नाम

**मुंबई।** नेट जियो 33 की लिस्ट में दो भारतीय अभिनेत्रियों को जगह मिली। आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में आया है। दोनों को समाज में अलग-अलग कारणों से जागरूकता फैलाने के लिए सम्मानित किया गया है। साल 2026 की नेशनल ज्योग्राफिक 33 सूची जारी हो चुकी है। इस सूची में दुनिया भर के समाज सेवियों के नाम शामिल हैं। लिस्ट में भारत से दो अभिनेत्रियों आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम भी शामिल किया गया है। आलिया भट्ट को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सूची में शामिल किया गया। साथ ही उन्होंने अलग-अलग तरीकों से पर्यावरण के लिए सक्रियता दिखाई। बच्चों के लिए लिखी हुई किताब 'एड फाइंड्स अ होम' के जरिए आलिया ने लोगों को पशु गोद लेने की सलाह दी। वहीं, दूसरी तरफ एक्ट्रेस ने अपने फैशन रीसेल 'मी वार्डरोब इज सु वार्डरोब' के जरिए अपने और कई कलाकारों के कपड़ों को डोनेट किए। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी आलिया इन सब कामों का प्रचार करती हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा बनती हैं।



वहीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में इसलिए आया क्योंकि एक्ट्रेस ने इस साल स्वास्थ्य सेवाओं को आसान बनाने में योगदान दिया है। एक्ट्रेस ने मधुमेह के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में काम किया। प्रियंका के पति निक जोनस भी 13 साल की उम्र से टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित हैं। पांच साल से दोनों मिलकर भारत में 'बियॉन्ड टाइप 1' संस्था के जरिए लोगों तक मधुमेह के बारे सही जानकारी पहुंचा रहे हैं। इस सूची में हैरिसन फोर्ड, रसेल वेस्टब्रुक, शैलेन वुडली, इवान मैकग्रेगर और इड्रिस एल्बा जैसे सेलेब्स के नाम भी शामिल हैं।

## बिना शोर-शराबे के अपने अभिनय से एक अलग मिसाल कायम की

# 1974 में मिसाल बना ये एक्टर, 1 फिल्म में दिखाया कई किरदारों का जादू

*नई दिल्ली। 1974 का दौर हिंदी सिनेमा के लिए बेहद खास रहा, जब अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और धर्मेंद्र जैसे सितारे पर्दे पर छाए हुए थे। उसी साल रोटी कपड़ा और मकान और दीवार जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई, लेकिन इसी भीड़ में एक ऐसा दिग्गज एक्टर भी था, जिसने बिना शोर-शराबे के अपने अभिनय से एक अलग मिसाल कायम कर दी। इस एक्टर ने 1974 में आई एक फिल्म में कई अलग-अलग किरदार निभाकर दर्शकों को चौंका दिया। उस दौर में जब एक ही रोल में खुद को साबित करना चुनौती माना जाता था, तब इस कलाकार ने एक ही फिल्म में कई व्यक्तित्वों को इतनी सहजता से निभाया कि हर किरदार अलग पहचान बन गया।*



### वो मैं नहीं ने दी एक नई पहचान

1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई स्टार्स ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया, लेकिन कुछ कलाकार ऐसे भी थे, जिन्होंने अपने अभिनय में नयापन लाने की कोशिश की। ऐसे ही एक कलाकार थे नवीन निश्चल, जिन्होंने अपनी फिल्मों में हमेशा अलग और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को अपनाया। उन्होंने अपने कॅरियर में कई हिट फिल्में दीं। साल 1974 में आई फिल्म 'वो मैं नहीं' ने उन्हें एक नई पहचान दी। यह फिल्म खास इसलिए थी, क्योंकि इसमें नवीन निश्चल ने एक ही फिल्म में कई अलग-अलग किरदार निभाए। उस समय यह तरीका दर्शकों के लिए बिल्कुल नया और रोमांचक था।

### आलोचकों और दर्शकों दोनों ने सराहा

फिल्म में यह दिखाना कि एक ही अभिनेता इतने किरदारों में ढल सकता है, उस समय आसान नहीं था, लेकिन नवीन निश्चल ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुभव से यह काम बेहद खूबसूरती से किया। उनके चेहरे के भाव, हाव-भाव और बोलने का तरीका दर्शकों के मन को भा गया। यही वजह थी कि फिल्म को आलोचकों और दर्शकों दोनों ने सराहा।

### बहुमुखी भूमिकाओं को अपनाया

नवीन निश्चल ने अक्सर अपने कॅरियर में इस तरह की बहुमुखी भूमिकाओं को अपनाया। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत थी। चाहे वह 'हंसते जख्म' में गंभीर किरदार हो या 'विक्टोरिया नंबर 203' में मजाकिया रोल, उन्होंने हर बार दर्शकों को नया अनुभव दिया। फिल्म 'वो मैं नहीं' इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे एक अभिनेता अपनी प्रतिभा और मेहनत से दर्शकों को रोमांचित कर सकता है।

### कई अलग-अलग लोगों के किरदार निभाए

फिल्म की कहानी आम जीवन से जुड़ी हुई थी। इसमें मुख्य रूप से यह दिखाया गया कि कैसे एक व्यक्ति अपने जीवन की कई अलग-अलग भूमिकाओं में खुद को ढालता है और समाज में अपनी पहचान बनाता है। कहानी में कॉमिक और गंभीर दोनों तरह के पहलू थे, जिससे दर्शकों को हर पल रोमांचक लगा, लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण था नवीन निश्चल का अभिनय, जो हर किरदार में अलग अंदाज और भावना लेकर आया। नवीन निश्चल ने इस फिल्म में कमाल की बहुमुखी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने फिल्म में कई अलग-अलग लोगों के किरदार निभाए। एक किरदार में वे एक शांत और समझदार इंसान थे, जो अपने परिवार और दोस्तों की मदद करता है। दूसरे किरदार में उन्होंने एक चालाक और मजाकिया इंसान की भूमिका निभाई, जो परिस्थितियों का लाभ उठाता है। तीसरे किरदार में उनका रूप गंभीर और तनावपूर्ण था, जिसमें उनके चेहरे के भाव और आवाज की ताकत ने दर्शकों को पूरी तरह अपनी ओर खींच लिया। इन सभी किरदारों में नवीन का अंदाज और अभिनय का तरीका बिल्कुल अलग था, लेकिन हर किरदार में उनकी कला की चमक साफ दिखाई देती थी।

खबर संक्षेप

## मल्दा में कलश यात्रा के साथ शिव महा पुराण कथा प्रारंभ



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के गुड़ी चौंक में श्रीमद शिव महा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार 19 मार्च को कलश यात्रा के साथ हुआ। गौरतलब है कि जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के गुड्डी चौक में शिव शक्ति महिला समिति मल्दा के तत्वाधान में श्रीमद् शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 19 मार्च को कलश यात्रा के साथ हुआ। कथावाचक आचार्य पंडित बुद्धेश्वर प्रसाद तिवारी अमोरा वाले हैं। मुख्य यजमान के रूप में राजकुमार श्रीमती यमुना, गंगा प्रसाद श्रीमती सुमित्रा है। श्रीमद् शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का समापन बुधवार 25 मार्च को चढ़ोतरी के साथ होगा। गुरुवार 26 मार्च को हवन, शस्त्र धारा और ब्राह्मण भोजन होगा। श्रीमद शिव महा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## नवरात्र पर्व पर कोनारगढ़ में जगमगा रहे आस्था के दीप



**मुलमुला।** लीलागर नदी के तट पर विराजमान कोनार गढ़ में आदि शक्ति मां धुत्तिन दाई मंदिर में भक्तों द्वारा मनोकामना दीप प्रज्वलित किया गया है। चैत नवरात्रि को लेकर साफ सफाई रंग रोगन का कार्य केवट समाज द्वारा पूर्व में ही पूर्ण कर लिया गया था। नवरात्र पर्व को लेकर पूरे नवे दिन तक कोनार गढ़ भक्ति भाव में लिन हो गया है। चैत नवरात्री पर श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्वलित किया गया है। बासंती नवरात्रि में रोज मंदिर परिसर में भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किय जा रहा है। बाहर से आने वाले जस पार्टी के लिए भोजन व्यवस्था भी किया गया है। केवट समाज द्वारा भक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। मंदिर पुजारी राम अवतार तिवारी द्वारा पूजा पाठ कराया जा रहा है। नवरात्रि पर घी एवं तेल ज्योति कलश दोनों मिलाकर 400 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। मनोकामना ज्योति कलश का देख रेख एवं पूजा पाठ केंवट समाज के पंडा द्वारा किया जा रहा है। धनेश्वर निषाद एवं केवट समाज ने भक्तों से माता का दर्शन करने पहुंचने अपील की है।

## जय भारत स्कूल में कैरियर काउंसिलिंग सेमिनार कल

**जांजगीर-चांपा।** जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल में कैरियर काउंसिलिंग सेमिनार का आयोजन 22 मार्च को होगा। यह सेमिनार विद्यालय संचालक अजय कुमार गट्टानी, सी.ई.ओ हर्षित गट्टानी तथा प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कौर धंजल के मार्गदर्शन में आयोजित की जाएगी, जिसमें पारुल यूनिवर्सिटी गुजरात, गुरुनानक यूनिवर्सिटी हैदराबाद और विभिन्न राज्यों में संचालित एमिटी यूनिवर्सिटी के अतिथि मेंटर आकर बच्चों का कैरियर काउंसिलिंग करेंगे। यह सेमिनार बाहर के छात्रों के लिए भी उपलब्ध है, इसलिए जिन्होंने भी इस साल दसवीं की परीक्षा दी है वे सभी आकर मार्गदर्शन ले सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि अधिकांश छात्र विषय के चुनाव को लेकर असमंजस में रहते हैं, उन्हें यह पता ही नहीं होता कि इंजीनियर,डॉक्टर के अलावा भी बहुत से क्षेत्र हैं जिसमें वे अपना कैरियर बना सकते हैं, जिसके लिए अभी से अपना सही विषय लेकर सही मार्ग चुनने की जरूरत है। बच्चे अक्सर किसी दबाव और देखादेखी में गलत विषयों का चुनाव कर लेते हैं और बाद में जब पता चलता है कि इस विषय में रुचि ही नहीं थी या वे इस मार्ग पर नौकरी नहीं करना चाहते फिर उनके पास समझौता करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है, सही समय पर सही जानकारी न होने के कारण बच्चों का काफी समय और पैसा चला जाता है और अंत में वे अपनी रुचि और स्कोप को समझ पाते हैं तब तक वो सही उम्र निकल चुकी होती है ।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में क्रिश का चयन



**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बिर्रा में अध्ययनरत छात्र क्रिश देवांगन का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में हुआ है। क्रिश कोमल देवांगन एवं माता भुनेश्वरी देवांगन का पुत्र है। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक एस एल चंद्रा एवं समस्त स्टाफ द्वारा क्रिश देवांगन के निवास पहुंचकर उन्हें पुष्पहार अर्पित करते हुए उनके माता-पिता एवं परिवारजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं है। जय भारत स्कूल बिर्रा से प्रतिवर्ष नवोदय विद्यालय सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों का चयन होता रहा है। विद्यालय से अब तक 7 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय में हो चुका है। विद्यालय परिवार ने क्रिश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

पीएम आवास, स्कूल, आंगनबाड़ी भवन, चेकडेम, पीडीएस दुकान, मुक्तिधाम सहित विभिन्न कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

# बलौदा विकासखंड क्षेत्र में कलेक्टर ने विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

विकासखंड बलौदा अंतर्गत ग्राम जर्वे, जावलपुर, महुदा, ढोरला व करमंदा में विकास कार्यों का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने शुक्रवार 20 मार्च को जर्वे ब में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां प्रतिमाह चावल उत्सव आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को समय पर और व्यवस्थित रूप से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित हो। इस दौरान उन्होंने बीपीएल एवं एपीएल राशन कार्ड धारकों की जानकारी ली एवं वितरण प्रणाली की समीक्षा की। कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान को निर्धारित समय पर खोलने, स्टॉक रजिस्टर संधारित करने तथा उठाव और वितरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माणाधीन पीडीएस भवन का निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा और इसे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीसी रोड निर्माण कार्य का भी निरीक्षण करते हुए मौके पर ही सड़क की मोटाई और चौड़ाई की माप कराई तथा नियमित तराई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने जावलपुर में महतारी सदन का निरीक्षण करते हुए स्व-सहायता समूहों की महिलाओं की गतिविधियों को बढ़ाने कहा। उन्होंने महिलाओं की आय वृद्धि एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समूह आधारित रोजगार मूलक गतिविधियों को विस्तार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने महुदा ब में शासकीय स्कूल का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं, मिड-डे मील तथा आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बच्चों से मिड-डे मील के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से पूछा कि भोजन में क्या-क्या मिलता है तथा आचार, पापड़ सहित निर्धारित मीनू का पालन हो रहा है या नहीं। कलेक्टर ने कक्षा में बच्चों से पढ़ाई से संबंधित सवाल भी पूछे। उन्होंने गणित विषय के तहत भाग से जुड़े प्रश्न भाजक, भाज्य एवं शेषफल पूछकर बच्चों की समझ का परीक्षण किया। बच्चों द्वारा सही उत्तर देने पर कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने स्कूल की लाइब्रेरी एवं प्रयोगशाला कक्ष का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही कलेक्टर ने महुदा ब में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बन रहे एवं पूर्ण हो चुके आवासों का निरीक्षण करते हुए मौके पर ही हितग्राहियों से चर्चा की। इसके पश्चात कलेक्टर ने करमंदा में मनरेगा अंतर्गत निर्मित चेकडेम का निरीक्षण कर उसकी उपयोगिता और स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान पीडीएस दुकान में वितरण प्रणाली की जानकारी लेते कलेक्टर।

### गुणवत्ता के साथ करें कार्य, किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं : रावटे

जिले में संचालित शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे द्वारा जनपद पंचायत नवागढ़ एवं पामगढ़ अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नवागढ़ जनपद के सुकली, अकलतरी, अमोदा, भादा एवं गाड़ापाली तथा पामगढ़ जनपद के बारगांव, भवतरा एवं भदरा ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री रावटे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके आवासों का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर निर्माण की गुणवत्ता, भुगतान की स्थिति एवं कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर मिले। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत संचालित जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों का भी निरीक्षण किया। चेक डैम, सोखता गड्ढा एवं अन्य जल संचयन संरचनाओं का स्थल निरीक्षण करते हुए उन्होंने कार्यों की उपयोगिता, गुणवत्ता एवं दीर्घकालिक प्रभाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जल संरक्षण कार्य केवल औपचारिकता न होकर स्थायी समाधान के रूप में विकसित किए जाएं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या को प्रभावी रूप से कम किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, पारदर्शिता बनाए रखने तथा शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

## जिले के 201 केंद्रों में होगी एफएलएनएटी परीक्षा, 3681 नवसाक्षर देंगे इम्तिहान

**सक्ती।** जिले में 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए एफएलएनएटी (बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा) का आयोजन 22 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इस परीक्षा में शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार निर्धारित केंद्र में पहुंचकर शामिल हो सकेंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा के लिए 3 घंटे का समय दिया जाएगा। इस महापरीक्षा में उन नवसाक्षरों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने 200 घंटे में प्रवेशिका के 7 अध्यायों का पठन-पाठन पूरा कर लिया है। साथ ही वे लोग भी परीक्षा दे सकेंगे, जिन्होंने पहले पढ़ना-लिखना अभियान या उल्लास कार्यक्रम की परीक्षा में भाग लिया था, लेकिन किसी कारण से प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया या परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। परीक्षा के सुचारू आयोजन के लिए जिले में लगभग 201 परीक्षा केंद्र बनाए जा रहे हैं, जहां कुल 3681 नवसाक्षर परीक्षा देंगे। नवसाक्षरों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन, गांव के युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है। उल्लास साक्षरता मिशन में स्वयंसेवी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जो नवसाक्षरों को पढ़ने-लिखने में मदद करते हैं। इसके लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को भी स्वयंसेवी शिक्षक बनाया जाता है। शासन के नियम के अनुसार, यदि कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी 10 असाक्षरों को साक्षर करते हैं, तो उन्हें बोर्ड परीक्षा में 10 अंक का बोनस दिया जाता है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में जिले के 10वीं और 12वीं के 102 विद्यार्थियों के बोनस अंक के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है।

- परीक्षा के लिए प्रत्येक परीक्षार्थी को 3 घंटे का दिया जाएगा समय

## पकरिया में पंचायत प्रतिनिधियों एवं जन आरोग्य समिति का प्रशिक्षण आयोजित




**अकलतरा।** ग्राम पंचायत पकरिया के पंचायत भवन में पंचायत प्रतिनिधियों एवं जन आरोग्य समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत पकरिया, अर्जुनी एवं रसेड़ा के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती गीता दिनेश सिंह, श्रीमती जानकी सुरेश सिंह, कामता प्रसाद, उपसरपंच प्रभु कुमार सहित पंच लोकनारायण निर्मलकर, प्रकाश, प्रफुल, गोविंद तथा तीनों ग्राम पंचायतों के पंचगण और मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक हरकुंवर एवं विकासखंड समन्वयक सावित्री कश्यप द्वारा किया गया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम पंचायत के समग्र विकास, ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न योजनाओं की उपयोगिता तथा स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।इस दौरान उपस्थित सदस्यों को ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया।

## मां दुर्गा करती हैं सबका कल्याण : राजेश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

वासंती नवरात्रि के द्वितीय दिवस शुक्रवार 20 मार्च को महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज जांजगीर- चांपा जिले के विभिन्न स्थानों में देवी दर्शन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे शिवरीनारायण मठ से रवाना होकर 10:15 बजे उनका आगमन मनका दाई मंदिर खरौद,10:45 पर चंडी दाई मंदिर ग्राम सालखन, 11:30 बजे सिद्ध शक्तिपीठ मां भगवती मंदिर नवागढ़, 12:15 बजे चंडी दाई मंदिर ग्राम महन्त 1:45 बजे मनका दाई मंदिर खोखरा हुआ। उन्होंने यहां पहुंचकर माता के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन पूजन किया एवं लोक कल्याण की कामनाएं की। राजेश्री महन्त ने अपने संदेश में कहा है कि माता दुर्गा जगत की माता है वे सभी का कल्याण करती हैं, श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने लिखा है कि - जगत मातु-पितु संभु भवानी अर्थात माता भवानी और भगवान भोलेनाथ संपूर्ण जगत के माता और पिता हैं। हमें न केवल नवरात्रि में बल्कि अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में उनका दर्शन, पूजन भजन,चिंतन करना ही चाहिए। ये जीव को हमेशा आनंद प्रदान करते हैं,सदा सज्जदानंद दाता पुरारी अर्थात भगवान भोलेनाथ आनंद के भंडार हैं, वे जीव को निरंतर सुख- शांति प्रदान करते हैं। उन्होंने दोपहर 2:30 बजे ग्राम कोटमी सोनार पहुंचकर ठाकुर दिनेश सिंह के यहां सौजन्य भेंट मुलाकात किया और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। महामंडलेश्वर राजेश्री महंत शाम 5 बजे ग्राम केरा पहुंचे। देवी दर्शन के पश्चात उनका आगमन 6:45 पर बिर्रा हुआ। यहां से दर्शन पूजन के बाद 8:30 बजे रात्रि को शिवरीनारायण मठ पहुंचे। 21 मार्च को सुबह 10 बजे शिवरीनारायण मठ से श्री दूधाधारी मठ रायपुर के लिए रवाना होंगे। इस आध्यात्मिक प्रवास में उनके साथ कमलेश सिंह, प्रमोद सिंह, सुनील सिंह, देवा लाल सोनी, जगदीश यादव,मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, पुरेंद्र सोनी, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नगरीक गण सम्मिलित हुए।

खास बात

- देवी दर्शन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त




पूजा-अर्चना करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज।

## इस्लाम धर्मावलिम्बयों का प्रमुख त्यौहार ईद-उल-फितर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

इस्लाम धर्मावलिम्बयों का प्रमुख त्यौहार ईद-उल-फितर (ईद) शनिवार 21 मार्च को मनाया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए मदरसा-ए-मदनी के अध्यक्ष रफीक सिद्धिकी ने बताया कि मुसलमानों का प्रमुख त्यौहार 21 मार्च को मनाया जायेगा। इस दिन प्रातः 9 बजे नैला ईदगाह में पेश ईमाम मौलाना शराफत अली द्वारा विशेष नमाज अदा कराई जायेगी। ईद त्यौहार माह भर के रमजान (उपवास) माह के बाद यह त्यौहार मनाया जाता है। इस दिन सभी मुसलमान नये वस्त्र धारण कर ईदगाह में नमाज अदा करते हैं। नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी जाती है, साथ ही मीठी सेवाईयों का लुप्त उठाते हैं, ईद त्यौहार के पूर्व हर हैसियतमंद मुसलमान जकात (दान) अनिवार्य रूप से गरीब, यतीम, जरूरतमंद पड़ोसियों को दिया जाता है, ताकि वो भी ईद की खुशी में शरीक हो सकें। ईद के मौके पर व्यापक तैयारियां अंजुमन कमेटी द्वारा की गई है। तय वक्त पर ईदगाह पहुंचने की अपील की गई है ।

## कलश यात्रा के साथ हुई मां चंडी की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तनौद

हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ग्राम तनौद स्थित चंडी तालाब किनारे स्थित चंडी दाईं मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा मां महामाया मंदिर गुड़ी चौक से प्रारंभ होकर सिदारपारा, बंजारी, श्रीरामनगर, हाईस्कूल चौक, माता चौरा अंदोली तालाब स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर,एवं ग्राम के हृदय स्थल हटवारा पारा सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु चंडी दाईं और भगवान श्रीराम के जयघोष करते हुए कर्मा नृत्य के साथ भ्रमण करते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र ग्राम भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सरपंच श्रीमती रजनी महावीर साहू ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति साधना और आत्मबल बढ़ाने का प्रतीक है। साथ ही भारतीय नववर्ष के आगमन पर सभी को अपने घरों में भगवा ध्वज, रंगोली एवं दीप प्रज्वलित कर स्वागत करना चाहिए। आचार्य जनार्दन दुबे (बरपाली कोरबा ) ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं, जिन्हें सहेजकर रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की उपासना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा के संचार की बात कही। मंत्रोच्चार के साथ चंडी तालाब में स्थित मां चंडी दाईं मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराया। इस अवसर पर उपसरपंच विराज रणबीर सिंह कंवर,कोमल, उत्तेश्वर साहू देवी यादव, कृष्ण कुमार श्रीवास,टके सिंह कंवर, दिनेश कर्ष, सुखराम साहू, नेहा संतोष महिपाल, लालजी श्रीवास, ग्रंथ साहू,धनेश महिपाल, रामनारायण साहू, नागेश्वर साहू,बैगा नेतू,सुलसिह, मनहर, नरेंद्र सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व मां चण्डी का शोभा यात्रा निकालते ग्रामवासी।

शेष आवेदनों को सप्ताहभर के भीतर निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# शिविर में 75 आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

ग्राम चोरभट्ठी के हाई स्कूल मैदान में विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 75 आवेदन पत्र निराकृत किए गए।

शासन के विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभागों की संतृप्तिकरण के लिए विकासखण्ड पामगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोरभट्ठी में हाई स्कूल मैदान में शुक्रवार 20 मार्च को विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में कुल 135 प्राप्त आवेदनों में से 75 आवेदनों का शिविर स्थल में नियमानुसार निराकरण किया गया तथा शेष 60 आवेदनों को एक सप्ताह के भीतर नियमानुसार निराकरण किये जाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 बच्चों का अन्नप्राशन एवं 5 महिलाओं का गोदभराई कार्यक्रम किया गया तथा राजस्व विभाग द्वारा 02 किसानों को किसान पर्ची एवं 13 किसानों को स्वामित्व योजनान्तर्गत अधिकार अभिलेख प्रदाय किया गया। शिविर में रूपचंद साहू उपाध्यक्ष, ज.पं. पामगढ़, श्रीमती प्रीति अजय दिव्य, जि.पं. सदस्य, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जनपद सदस्यगण श्रीमती संतोषी ललित नायक, रामगिलास खुंटे, राजू राय, श्रीमती किरन अशोक खाण्डे, जागेश्वर बर्मन, जयकुमार साहू, अश्वनी कुर्रे, शहरलाल साहू, श्रीमती शांताबाई साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती रजनी दीपक साहू एवं संतोष लहरे, मानेश जांगड़े, अजय दिव्य, ललित नायक, अग्नि सिंह, राहुल सिंह, सन्नी यादव, रामपाल बर्मन, चन्द्र किशोर कौशिक, दीनदयाल साहू, ब्यासनारायण साहू, नरेन्द्र कुर्रे एवं एसडीएम आर. के. तम्बोली, जनपद सीईओ मणीशंकर कौशिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.पं. पामगढ़, अमरनाथ श्याम, तहसीलदार पामगढ़, चन्द्रकांत चन्द्रवंशी, तहसीलदार राहौद, अखिलेश विश्वकर्मा, नायब तहसीलदार पामगढ़, मुकेशपुरी गोस्वामी, नेतराम कुर्मी, दिनेश यादव व ग्रामवासी उपस्थित रहे । अंत में आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत सीईओ मणिशंकर कौशिक ने किया।




कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते अतिथि।

